regime, inoperation of HP Heaters leading to poor thermal efficiency, low condenser vaccum and non-availability of spare parts have been identified. In addition it was recognised that there is a need for augmenting of the WT (Water Treatment) Plant, augmenting of coal handling facilities, improvement of cooling water supplies and improvement and upgradation of water treatment plant laboratories and other on-line instruments.

Amongst the non-technical causes, problems of industrial relations and indiscipline have been identified.

Amongst the steps proposed to be taken to implement the findings of the Committees, a time-bound action programme for plant betterment of the thermal units of DVC has been drawn up by DVC and is now under implementation. With these efforts, which have already started showing results, it is hoped to raise generation from the thermal stations to 650 MW on a sustained basis in the near future. Time bound action plans for rehabilitation of plant and machinery and vigorous monitoring of implementation, have been formulated. Steps for improving discipline and enforcing accountability, have been initiated. The grievances redressal machinery has been activated and a number of welfare mesures have also been introduced.

प्रतीक्षा सूची में दर्ज लोगों को गैस कनैक्शन का आवंटन

***108. आचार्य भगवान देव :**
श्री सुभाष यादव :

क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री निम्नलिखित जानकारी दर्शाने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या उन्होंने पिछले सत्र के दौरान यह आश्वासन दिया था कि प्रतीक्षा सूची में दर्ज लोगों को गैस कनैक्शन देने का कार्य 1 जनवरी, 1981 से शुरू किया जाएगा ;

(ख) यदि हां, तो 31 दिसम्बर, 1980 तक प्रतीक्षा सूची में दर्ज लोगों को अब तक दिए गए गैस कनैक्शन की संख्या क्या है तथा प्रतीक्षा सूची में दर्ज कितने और लोगों को गैस कनैक्शन दिया जाना बाकी है ; और

(ग) इन लोगों को राज्यवार किस समय तक गैस कनैक्शन दिए जाएंगे ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) पहले यह बताया गया था कि प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों को गैस कनैक्शन 1981 के आरम्भ से दिये जायेंगे।

(ख) अनुदेश जारी किये गये हैं कि फरवरी, 1981 के दौरान प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों के लिए 50,000 नये गैस कनेक्शन दिये जायें। मार्च, 1981 से करीब एक लाख नये कनेक्शन दिये जाने की संभावना है और मार्च, 1982 तक करीब 12 लाख नये ग्राहकों (उपभोक्ताओं) के नाम दर्ज किये जाने की आशा है।

(ग) सारे देश में तरल पेट्रोलियम गैस वितरकों की प्रतीक्षा सूचियों पर इस समय करीब 37 लाख व्यक्ति दर्ज हैं। इन सूचियों पर दर्ज व्यक्तियों को चरणबद्ध रूप से गैस कनेक्शन दिये जाने की आशा है।

"गांधी" फिल्म पर व्यय

***109. श्री दयाराम शाक्य :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या किसी विदेशी कम्पनी द्वारा भारत में "गांधी" नामक फिल्म बनाई जा रही है ; यदि हां, तो इस कम्पनी का क्या नाम है ;

(ख) इस फिल्म के लिए कौन-कौन से केन्द्रीय मंत्रालय सहयोग कर रहे हैं तथा किस रूप में ;

(ग) क्या सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के अन्तर्गस्त व्यय की